AMAR UJALA

Page No. 08 (Gzb) Date. 30th May 2019

# तंबाकू है कैंसर सहित कई रोगों की जड़

मुरादनगर। आईटीएस डेंटल कॉलेज में बुधवार को पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा तंबाकू नियंत्रण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कॉलेज के एचओडी, शिक्षक और छात्र शामिल हुए। संस्थान के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि तंबाकू चबाने और धूम्रपान करने वाले रोगियों की उच्च मृत्यु दर को देखते हुए इस आदत को नियंत्रित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने जरूरी है। इस क्षेत्र में उन्नति के साथ कदम मिलाकर चलना चाहिये। सीडीई कार्यक्रम के प्रवक्ता डा.आशुतोष गौतम ने तंबाकू नियंत्रण गतिविधियों, तंबाकू समाप्ति और नियंत्रण में दंत चिकित्सकों की भूमि का अवलोकन किया। प्रधानाचार्य डॉ. विनोद सचदेव, डॉ. देवीचरण शेट्टी, डॉ. रितु गुप्ता, राजीव मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

Dainik Jagran

Page No : IV Date: 30th May 2019

# कार्यशाला में बताए तंबाकू से होने वाले नुकसान

आइटीएस डेंटल कॉलेज में अतिथि को सम्मानित करता प्रबंधन • सौजन्य स्कूल प्रशासन

जासं,मुरादनगर : हाईवे स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट विभाग के तत्वावधान तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसान विषय पर बुधवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ कॉलेज के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने दीप जलाकर किया। इस मौके पर उन्होंने तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में छात्र छात्राओं व कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले लोगों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष भारत में तंबाकू के सेवन ने अनेक लोगों की जानें जाती हैं। इसलिए हमें इस दुर्व्यसन से बचने की जरूरत है। विश्व स्तर से इसके लिए अभियान छेड़ना आवश्यक है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के अलावा हरियाणा, राजस्थान, बिहार, कश्मीर आदि राज्यों से आए 100 से अधिक दंत चिकित्सकों ने भी भाग लिया। इसमें विभिन्न कॉलेजों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

# Nav Bharat Times (Hindi)

Page No:- 02 (Gzb)

Date:- 30 May 2019

## डेंटल कॉलेज में कार्यशाला हुई

■ एनबीटी न्यूज, मेरठ रोड : आईटीएस डेंटल कॉलेज में बुधवार को तंबाकू नियंत्रण पर कार्यशाला हुई। इसमें तंबाकू से छुटकारा पाने के टिप्स दिए गए। कार्यशाला के वक्ता डॉ. हंसा कुंडू ने कहा कि तंबाकू नियंत्रण के लिए इच्छा शक्ति का होना भी जरूरी है। डॉ. सुमेधा कुशवाहा ने व्यवहार परामर्श, निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी, तंबाकू की लत के बारे में बताया। इस दौरान डॉ. आशुतोष गौतम, डॉ. विनोद सचदेव और डॉ. देवी चरण शेट्टी भी मौजूद रहे।